सांसदों ने चौधरी चरण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की

...

नई दिल्ली, 23 दिसंबर, 2023: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला और राज्य सभा के उप-सभापति श्री हरिवंश के नेतृत्व में सांसदों ने आज पूर्व प्रधान मंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंत्रियों, सांसदों और पूर्व सांसदों ने भी चौधरी चरण सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर लोकसभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित चौधरी चरण सिंह की जीवन वृत्त वाली पुस्तिका समारोह में भाग लेने वाले गण्यमान्य व्यक्तियों को भेंट की गई।

चौधरी चरण सिंह के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने 23 दिसंबर 1993 को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में किया था।